BHADOHI POLICE

प्रेस नोट

साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही

दिनांक-28.04.2025

◆श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही द्वारा एक साइबर अपराधी गिरफ्तार।

◆ अपने आप को एयरपोर्ट का कस्टम आफिसर बता कर एयरपोर्ट पर पकडे गए विदेशी मुद्रा को छुड़वाने के नाम पर लोगों फोन कर लालच देकर करता था ठगी।

दिनांक- 27-02-24 को श्री विकास कुमार बिन्द पुत्र हरिशंकर बिन्द निवासी मुकुन्दपट्टी खमरिया थाना औराई जनपद भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना पर मुम्बई एयरपोर्ट का कस्टम ऑफिसर बताते हुए धोखाधड़ी से ऑनलाइन पैसा ट्रान्जेक्सन करा लेने के सम्बन्ध सूचना दिया गया । सूचना पर तत्समय ही मु0अ0सं0 01/24 धारा 419/420/467/468/471 भा0द0वि0 व 66 डी आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।

जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु **श्री अभिमन्यु मांगलिक**, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना पर पंजीकृत अभियोग को अभियान के तहत साक्ष्य संकलन एकत्रित कर सफल अनावरण हेतु निर्देश दिये गये ।उक्त के क्रम में मु0अ0सं0 01/24 धारा 419/420/467/468/471 भा0द0वि0 व 66 डी आईटी एक्ट वादी मुकदमा विकास कुमार बिन्द पुत्र हरिशंकर बिन्द निवासी मुकुन्दपट्टी, खमरिया थाना औराई जनपद भदोही के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा काल करके अपने आपको मुम्बई एयरपोर्ट का कस्टम आफिसर बताते हुए वादी के विदेशी दोस्त द्वारा 5000 पाउण्ड को छुडवाने के नाम पर आरोपी द्वारा भिन्न- भिन्न खातो में कुल 5,15,500/- रुपये की धोखाधड़ी करके आनलाइन ट्रांजेक्शन कर लिया गया था। मुकदमा उपरोक्त में दौराने विवेचना अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र दाताराम निवासी खसौरा थाना हरपालपुर जनपद हरदोई का नाम प्रकाश में आया जिसकी गिरफ्तारी आज दिनांक 28.04.25 को समय 11.05 बजे लखनो तिराहे से करके मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर रिमाण्ड बनवाकर जेल भेजा गया है।

अपराध का तरीका –

अभियुक्त विनोद कुमार द्वारा दिल्ली में रहकर अपने नाम से फर्जी आईडी बनवाकर भिन्न- भिन्न बैंको में खाता खुलवाकर व सिम कार्ड लेकर फ्राड करता है। गिरफ्तार करने के उपरान्त पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मेरे साथी सहयोगी द्वारा पैसो की लालच देकर मुझसे खाता खुलवाकर फ्राड करके पैसा मंगाते थे। अभियुक्त के द्वारा 12-13 बैंको में खुलवाये गये खातो में करोड़ो रुपये का आनलाइन ट्राजेक्शन पाया गया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

1.निरी0 श्री बृजेश सिंह, क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही।

2.का0 कन्हैया कुमार, साइबर क्राइम पुलिस थाना।

3.का0 बलराम यादव, साइबर क्राइम पुलिस थाना।

साइबर अपराध होने पर तत्काल सम्पर्क करे-